मैया की लाल चुनरी

ओडी ओडी रे मैया जी ने लाल चुनरी
लाल चुनरी गोटेधार चुनरी
ओडी ओडी रे मैया जी ने लाल चुनरी

सत युग में माँ जन्म लिया है शक्ति माँ कहलाई
भोले संग में व्याह रच्या हवन में गई समाई
ओडी ओडी रे मैया जी ने लाल चुनरी

द्वापर में माँ जन्म लिया है द्रोपती माँ केहलाई
पांड्वो संग में व्याह रचाया जुए में गई समाई
ओडी ओडी रे मैया जी ने लाल चुनरी

त्रेता में माँ जन्म लिया है सीता माँ केहलाई
राम के संग में व्याह रचाया वन में गई चुराई
ओडी ओडी रे मैया जी ने लाल चुनरी

कलयुग में माँ जन्म लिया है वैष्णो माँ कहलाई
भेरो बाबा पीछे पड गए गुफा में गई समाई
ओडी ओडी रे मैया जी ने लाल चुनरी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21995/title/maiya-ki-laal-chunari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |